J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

(formerly YMCA University of Science and Technology)

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

NEWS CLIPPING: 20.02.2019

PUNJAB KESARI

विद्यार्थियों को नशे की बुरी आदत के प्रति किया जागरूक

फरीदाबाद, 19 फरवरी (ब्यूरो): नशे के बुरी आदत के प्रति जागरूकता तथा नशा मुक्त भारत अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आज विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आर्ट आफ लिविंग द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान का हिस्सा था, जिसकी शुरूआत आज मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार में राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य तथा आर्ट आफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रवि शंकर की उपस्थिति में की गई थी। इस अभियान के सीधे प्रसारण को विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए प्रदर्शित भी किया गया। इस अवसर पर एक ध्यान सत्र आर्ट आफ लिविंग फरीदाबाद चैप्टर से प्रेक्षा भारद्वाज द्वारा ध्यान सत्र का आयोजन भी किया गया तथा विद्यार्थियों के मेडिटेशन से होने वाले फायदों से जागरूक किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के विविधा क्लब द्वारा नशे को लेकर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया जोकि सभी के द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम का आयोजन मानविकी विभाग की अध्यक्ष डॉ. पूनम सिंघल की देखरेख में किया गया।

नशे के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए।

पंजाब केसरी ई-पेपर

Wed, 20 February 2019

https://epaper.punjabkesari.in/c

NEWS CLIPPING: 20.02.2019

HINDUSTAN

नशे के बारे में जागरूक किया

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) में नशा मुक्त भारत अभियान चलाया गया। इस मौके पर नशे के प्रति छात्रों को जागरूक किया गया। इस मौके पर कई अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

इसका आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग चैप्टर के जिला इकाई की ओर से किया गया था। इस मौके पर मुख्य रुप से प्रेक्षा भारद्वाज मौजूद रहे। विद्यार्थियों को मेडिटेशन से होने वाले लाभ के विषय में बताया गया। उन्होंने कहा कि इससे व्यक्तित्व का विकास होता है।

वहीं, विविधा क्लब की ओर से नशे को लेकर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर मानविकी विभाग की अध्यक्ष डॉ. पूनम सिंघल की देखरेख में किया गया।